बिहार सरकार

अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग

सं0सं0–06/निदे0 (थरूहट)–22–01/2021– 38

प्रेषक,

प्रियंका रानी, भा0प्र0से0
निदेशक

सेवा में,

जिला कल्याण पदाधिकारी,
प0 चम्पारण, बेतिया।

पटना, दिनांक–12/05/2026

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए राज्य स्कीम के तहत समेकित थरूहट विकास अभिकरण के पदस्थापित पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए कुल 11.55 लाख (ग्यारह लाख पचपन हजार रू0) मात्र सहायक अनुदान–वेतन मद की राशि का आवंटन।**

आदेश–स्वीकृत

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–.... 37 दिनांक–12/05/2026 के द्वारा वित्तीय 2026–27 के तहत राज्य स्कीम के तहत समेकित थरूहट विकास अभिकरण, के अन्तर्गत पदस्थापित कर्मियों के स्थापना व्यय वहन हेतु सहायक अनुदान वेतन मद में 11.55 लाख (ग्यारह लाख पचपन हजार रू0) मात्र की राशि की स्वीकृति दी गई थी। उक्त स्वीकृत्यादेश के आलोक में कुल 11.55 लाख (ग्यारह लाख पचपन हजार रू0) मात्र की राशि सहायक अनुदान वेतन मद में आवंटित की जाती है।

2. आवंटित राशि बजट मुख्यशीर्ष–"2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को कल्याण–02 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना–0125–थरूहट क्षेत्र विकास के प्राथमिक ईकाइ 0125. 3104–सहायक अनुदान–वेतन, विपत्र कोड–44,2225027960125 के अन्तर्गत विकलनीय है।

3– इस आवंटित राशि के लिए निकासी पदाधिकारी जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया, राशि की निकासी कर आवश्यकतानुसार समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया के PL खाता संख्या–WCHPLA009 में उपलब्ध करायेंगे। स्वीकृत राशि का व्ययन पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे तथा इस योजना के नियंत्री पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे।

4– राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17–04–1998, वित्त विभाग के पत्रांक–235/वि० दिनांक–01.04.2025 एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत/अनुदेश के आलोक में किया जाएगा।

5– महालेखाकार, बिहार को इस राशि के व्यय से संबंधित अंकक्षेण करने का अधिकार होगा।

6– सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस राशि की आवंटन की सूचना दी जा रही है।

7– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाए।

विश्वासभाजन

12/5/26

(प्रियंका रानी)
निदेशक

**ज्ञापांक**–सं0–6 / निदे0(थरूहट)–22–01–2021– 38 **पटना, दिनांक**–12/05/2026

**प्रतिलिपि**– महालेखाकार, बिहार, पटना / वित्त विभाग, बजट शाखा / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर / सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया / अपर सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / प्रमंडलीय उप निदेशक (क0), तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर / परियोजना पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया / जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया / जिला कोषागार पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया / प्रभारी पदाधिकारी, बजट शाखा, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी–8 डी0 / आई0टी0 मैनेजर, अनुसूचित जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक